आकाशवाणी शिमला

20.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 1800 बजे

अनुराग ठाकुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता और सूचना व प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज से हिमाचल प्रदेश के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। दौरे के पहले दिन हमीरपुर जिले के सुजानपुर में भाजपा महिला मोर्चा मण्डल सम्मेलन के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने दावा किया कि आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा 4 सौ से अधिक सीटें जीतने का लक्ष्य पूरा करेगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी परिवार व भ्रष्टाचार में डूबी हुई है और इसके अलावा इण्डी गठबंधन से जुड़े सभी लोग भ्रष्टाचार में संलिप्त हैं उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के तौर पर नरेन्द्र मोदी ने देश की जनता का विश्वास जीता है और वे लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान में बढ़–चढ़कर भाग लेने के लिए मतदाताओं का आभार भी जताया। इस बीच उन्होंने सुजानपुर में भाजपा के मण्डल कार्यालय का भी शुभारम्भ किया। सुजानपुर विधानसभा उपचुनाव के पार्टी उम्मीदवार राजेन्द्र राणा सहित अन्य नेता इस अवसर पर मौजूद रहे।

कांग्रेस बैठक

लोकसभा चुनाव में जीत को लेकर रणनीति बनाने के लिए कांग्रेस पार्टी की बैठकों का दौर जारी है। इसी कड़ी में पार्टी ने आज कांग्रेस मुख्यालय में शिमला संसदीय क्षेत्र में जीत के लिए रणनीति तैयार की। पार्टी के वरिष्ठ नेता व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, शिमला से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी सहित अन्य वरिष्ठ नेता इस दौरान मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि पिछले वर्ष आई आपदा के समय राज्य सरकार ने केन्द्र सरकार की मदद के बिना बेहतरीन कार्य किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने केवल हिमाचल प्रदेश को मिलने वाली मदद को रूकवाने का काम किया है। कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि वे मुद्दों के आधार पर लोकसभा चुनाव में उतरेंगे।

सुरेश कश्यप

दूसरी ओर लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रचार अभियान भी लगातार जारी है। पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व सांसद सुरेश कश्यप ने चुनाव प्रचार की कड़ी में शिमला जिले के जुब्बल क्षेत्र में कई कार्यक्रमों में भाग लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस पार्टी विधानसभा चुनाव में किए गए वायदों को पूरा नहीं कर पाई है और राज्य सरकार ने केवल वायदों के विपरीत कार्य किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस ने महंगाई बढ़ाने का काम किया है। सुरेश कश्यप ने कहा कि कांग्रेस सरकार में उनके अपने ही विधायकों के काम नहीं हो पा रहे हैं और यही कारण है कि जनविरोधी सरकार लम्बे समय तक सत्ता में नहीं रह पाएगी।

सुनवाई

राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी रहे अभिषेक मनु सिंघवी की याचिका पर आज प्रदेश उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई है। याचिकाकर्ता पक्ष की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने राज्यसभा चुनाव में जीत हासिल कर सांसद बने व मामले में प्रतिवादी बनाए गए हर्ष महाजन को नोटिस जारी किया है। न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता नीरज गुप्ता ने बताया कि इस मामले में अगली सुनवाई 23 मई को निर्धारित की गई है। उल्लेखनीय है कि अभिषेक मनु सिंघवी ने राज्यसभा चुनाव में बराबर मत मिलने के बाद लॉटरी प्रक्रिया से निकाले गए परिणाम को लेकर न्यायालय में चुनौती दी है। दायर याचिका में उन्होंने मुकाबला बराबरी पर छूटने के बाद पर्ची से विजय घोषित करने के नियम को गलत बताया है।

बयान

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार ने कई योजनाएं आरम्भ की हैं। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि भाजपा महिलाओं को उनके अधिकार से वंचित करने के लिए बार–बार चुनाव आयोग जा रही है जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

मुसाफिर

वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से बागी हुए गंगूराम मुसाफिर की एक बार फिर पार्टी में वापसी हो गई है। उन्होंने आज शिमला स्थित पार्टी मुख्यालय में अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में वापसी की। इस दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित अन्य नेता मौजूद रहे। प्रतिभा सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले गंगूराम मुसाफिर की वापसी बेहद अहम है और उनके वापिस आने से पार्टी को शिमला संसदीय क्षेत्र में मजबूती मिलेगी। उल्लेखनीय है कि गंगूराम मुसाफिर सिरमौर जिले के पच्छाद से विधायक और विधानसभा अध्यक्ष भी रहे हैं।

राशन कार्ड

सर्वोच्च न्यायालय ने असंगठित क्षेत्र में कार्य कर रहे और ई–श्रम पोर्टल पर पंजीकृत सभी प्रवासी श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। हमीरपुर जिले में भी इस सुविधा से वंचित रहे श्रमिकों की पहचान कर उन्हें राशन कार्ड दिए जाएंगे। इस संबंध में उपायुक्त अमरजीत सिंह ने आज हमीरपुर में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसे श्रमिकों के राशन कार्ड पंचायतों के माध्यम से बनाए जाएंगे जबकि शहरी क्षेत्रों में खाद्य आपूर्ति विभाग ये कार्य करेगा।